Merri-bek
City Council

# MERRI-BEK
# प्रकृति खोजकर्ता पासपोर्ट



# भूमि के प्रति अभिस्वीकृति

Merri-bek City Council कुलिन राष्ट्र के Wurundjeri Woi Wurrung लोगों को उस क्षेत्र में भूमि और जलमार्गों के पारंपरिक संरक्षक के रूप में अभिस्वीकृति देता है, जिसे अब Merri-bek के नाम से जाना जाता है, और उनके अतीत में, वर्तमान में और उभरते हुए वयोवृद्धों के साथ-साथ सभी प्रथम राष्ट्रों के समुदायों के प्रति सम्मान व्यक्त करता है, जो इस क्षेत्र के जीवन में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।



# नमस्ते MERRI-BEK के खोजकर्ताओं!

यह रोमांच के लिए आपका पासपोर्ट है।

यह आपको दिखाएगा कि अपने आस-पड़ोस में प्रकृति की खोज कहाँ और कैसे करें।

**नाम:** ____________________

**आयु:** ____________________



# इस पासपोर्ट का उपयोग कैसे करें:

## 1

Merri-bek के पार्कों और अभ्यारण्यों में से किसी एक (या कई) में जाएँ।

आपwww.merri-bek.vic.gov.au/find-a-park वेबसाइट पर हमारे पार्कों के बारे में पता लगा सकते/सकती हैं

## 2

प्रत्येक पृष्ठ पर दी गई गतिविधियों को पूरा करें।


जैसे ही आप किसी गतिविधि को पूरा कर लेते/लेती हैं, घेरे पर स्टिकर लगाएँ।

## 3

घर से बाहर मौज-मस्ती करें!

# MERRI-BEK में प्रकृति के साथ खेलने के स्थान




Coburg Lake Reserve
Yaruk'ho Wilam Wetland
Kelvin Thompson Park
Harmony Park
Connolly Ave Reserve
PASCOE VALE SOUTH
COBURG
FW Olver Reserve
Bowden Reserve
Edna Grove Reserve
Tate Reserve
Egan Reserve
Shiels Reserve
Jones Park
Brunswick Central Parklands
CERES
BRUNSWICK WEST
BRUNSWICK EAST
Kirkdale Park
BRUNSWICK
Merri Creek Reserve



# तैयार रहें

- बाहर जाने से पहले मौसम की जांच करें - क्या आपको आज गमबूट और गर्म कोट की आवश्यकता है? या क्या आपको टोपी और सनस्क्रीन की आवश्यकता है?
- अपनी पानी की बोतल न भूलें





# जिज्ञासु बनें

- प्रश्न पूछें
- उत्तर खोजें - हमारे पुस्तकालय आपकी सहायता कर सकते हैं!





# सम्मानजनक बनें

- Wurundjeri Woi Wurrung लोगों को भूमि के पारंपरिक स्वामियों के रूप में अभिस्वीकृति दें
- अपनी रोमांचक यात्राओं में आपको जो पौधे और जानवर मिलते हैं, उनके प्रति देखभाल का बर्ताव करें
- अपनी यादों को सहेजकर रखने के लिए फोटो और तस्वीरों का उपयोग करें
- अपने कचरे को अपने साथ ले जाएँ और हमारे पार्कों को सभी के लिए साफ रखें



# 1


# अपने स्थानीय पुस्तकालय में जाएँ

अपने निकटतम Merri-bek पुस्तकालय को खोजने के लिए www.merri-bek.vic.gov.au/libraries वेबसाइट पर जाएँ।

आप पुस्तकालय के सदस्य बन सकते/सकती हैं और प्रकृति के बारे में पुस्तक उधार ले सकते/सकती हैं।

# 2





# चलो रंग खोजते हैं

क्या आप इंद्रधनुष के हरेक रंग में कुछ देख सकते/सकती हैं?

रंग-बिरंगे फूलों और पक्षियों का पता लगाएं!

# 3


## बादलों की आकृतियाँ

घास पर अपनी पीठ के बल लेटकर बादलों को देखें।

आप बादलों में क्या देख सकते/सकती हैं?

दोस्त से पूछें कि क्या वे भी इसे देख सकते हैं, या उन्हें कुछ अलग दिखाई देता है?





# 4


# बग डिटेक्टिव

आप अलग-अलग तरह के कितने कीड़े-मकौड़े खोज सकते/सकती हैं?

वे क्या कर रहे हैं?

यदि हो सके, तो अपने साथ एक आवर्धक ग्लास लाएँ।





# 5



# चलो पंछी देखते हैं

पक्षियों की आवाजों को सुनें।

आप कितनी अलग-अलग आवाजों को सुन सकते/सकती हैं?

क्या आप उनकी नकल कर सकते/सकती हैं?

क्या आप देख सकते/सकती हैं कि यह आवाज किस पक्षी की है?




# 6

## घास से ढकी ढलान खोजें

उस पर नीचे की ओर रॉल करें, या नंगे पैर चलें और महसूस करें कि घास आपके पैर की उंगलियों पर गुदगुदी कर रही है।

# 7





## कलाकार बनें

चित्र बनाने या पेंट करने के लिए कोई फूल चुनें।




# पिकनिक का समय

पिकनिक सामग्री पैक करें और कोई नया पार्क आजमाएँ।

वेबसाइट www.merri-bek.vic.gov.au/find-a-park का उपयोग करें



# 9

# चलो पेड़ को गले लगाते हैं

क्या आप अलग-अलग छालों वाले पेड़ खोज सकते/सकती हैं?

कुछ चिकनी होती हैं और कुछ खुरदुरी होती हैं।




# 10

## आवाज दें

किसी ऐसी जगह की खोज करें जहाँ आप ऊंचा जा सकते/सकती हैं - पहाड़ी की चोटी, या चट्टान पर खड़े होकर।

अपने दोस्तों को "कूई" की आवाज़ में पुकार लगाएं।



# 11

## चलो छाया बनाते हैं

किसी ऐसे दिन जब धूप खिली हो, अपनी छाया को पौधे या जानवरों के आकार में बनाने की कोशिश करें।



# 12

## पत्तियों की खोज करें

ज़मीन पर अलग-अलग तरह की पत्तियां देखें।

इनके बहुत सारे अलग-अलग आकार और रंग होते हैं - आप कितने ढूंढ सकते/सकती हैं?

उन्हें अपने हाथों में मसलकर देखें कि उनसे कैसी गंध आती है।

# 13

## रात का समय

किसी रात सितारों और चाँद को देखने के लिए आकाश की ओर देखें।


आप अपने पिछवाड़े, बालकनी या अपनी खिड़की से बाहर देखकर ऐसा करसकते/सकती हैं।


# 14

# संतुलन के साथ खड़े होने के लिए चट्टान या पेड़ का तना ढूँढें

आप कितने समय तक संतुलन बनाकर रख सकते/सकती हैं?

या अपनी नाक पर एक कंकड़ को संतुलित करने का प्रयास करें।





# 15

## बारिश के दिन एक पोखर की तलाश करें और उसमें छलांग लगाएँ!



# 16

## किसी नई जगह पर टहलें


पंगडंडी पर चलकर पता लगाएँ कि यह कहाँ जाती है।



# 17

## अपने साथ कोई पुस्तक लेकर पार्क में जाएँ

बैठकर पढ़ने या तस्वीरें देखने के लिए कोई आरामदायक जगह खोजें।



# 18

# शांत समय

अपनी आँखें बंद करके बैठें, कुछ गहरी साँसें लें और अपने आस-पास की आवाजों को सुनें।

आप क्या सुन सकते/सकती हैं?



# 19

# ज़मीन पर चित्र बनाएँ

आप चट्टानों और पत्तियों का उपयोग कर सकते/सकती हैं, या धूल में चित्र बनाने के लिए छड़ी का उपयोग कलम के रूप में कर सकते/सकती हैं।

# 20

# अपनी खुद की गतिविधि बनाएँ

आप प्रकृति में क्या खोजना या करना चाहते/चाहती हैं?

अपने विचार को यहाँ लिखें या उसका चित्र बनाएँ।



# आप अपनी रोमांचक यात्राओं में कौन से पौधे और जानवर देख सकते/सकती:







Blue Tongue Lizard
durrop



Growling Grass Frog
ngarrert



# बधाई हो!

## अब आप एक Merri-bek प्रकृति खोजकर्ता हैं।

अपना पूर्णता प्रमाणपत्र प्रिंट करने के लिए किसी पुस्तकालय में या वेबसाइट www.merri-bek.vic.gov.au/nature-explorer पर जाएँ।

हमारे पार्कों और अभ्यारण्यों में खोज और मौज-मस्ती करना याद रखें।

Merri-bek
City Council